35303

Reg. No.

III Semester B.B.A/B.B.A.M/B.H.M Degree Examination, March/April- 2023

LANGUAGE HINDI

Natak, Sarkaripatra Aur Sankshepan

(CBCS Semester Scheme Repeaters 2019-20 Onwards)

Paper - III

Time : 3 Hours **Maximum Marks : 70**

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए। **(10×1=10)**

1) जज के बेटे को सोने का मेडल किसके लिये मिला था?
2) चोर का असली नाम क्या है?
3) चोर ने भोपाल में कौन–सा काम शुरू किया है?
4) भोपाल को किनका शहर कहा जाता है?
5) रसूल भाई की जबान कैसी है?
6) किचन में लॉफ्ट के नीचे करीब कितने रुपये हैं?
7) बहादुर सिंह ने पत्रकार की हत्या कैसे की थी?
8) खुदा का कानून तोडनेवालों को क्या कहा जाता है?
9) जज साहब की बेटी कहाँ रहती है?
10) 'आधी रात के बाद'– नाटक के रचनाकार कौन है?

St. Francis College ★ LIBRARY ★ Koramangala, Bengaluru-34

II. किन्हीं दो का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **(2×6=12)**

1) "फोन तो करूँगा ही छोड थोडी दूँगा। लेकिन अदालत में गवाह के रुप में क्या बताऊँगा?"
2) "अदालत में बताऊँगा कि मैंने तुम्हारे घर से बीस लाख रुपये चुराये थे। पैसा छुपाने की पूरी जॉग्रफी बताऊँगा।"
3) "तुम फोन नही करते। तो लो मैं करता हूँ। जेल जाने से डरता कौन है।"
4) "गिरफ्तार पुलिस करती है, अदालत नहीं। जब तक कसूर साबित नहीं हो जाता, हर आदमी बेकसूर है।"

III. 'आधी रात के बाद'– नाटक का सारांश लिखिए। **(1×12=12)**

(अथवा)

'आधी रात के बाद'– नाटक के आधार पर चोर का चरित्र–चित्रण कीजिए।

[P.T.O.

Scanned with CamScanner

IV. किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए। **(1×6=06)**

1) पत्रकार।

2) जज।

V. पत्र लिखिए। (कोई दो) **(2×10=20)**

1) राज्य में हिन्दी की प्रगति का विवरण देते हुए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अवर सचिव के नाम शिक्षा संचालक कर्नाटक की और से एक समान्य सरकारी पत्र लिखिए।

2) राज्य में रेलवे प्लेटफार्म पर अनाधिकृत रूप से सामान बेचनेवालों के प्रवेश को रोकने के लिए आवश्यक हिदायतें देते हुए स्टेशन मास्टरों को मुख्यालय, दक्षिण रेल्वे, चेन्नै की ओर से एक परिपत्र लिखिए।

3) सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार की और से सभी राज्य सरकारों को स्वच्छ भारत अभियान आंदोलन को पूर्ण रूप से अपने राज्यों में कार्यगत करने की सूचना देते हुए कार्यालय आदेश पत्र लिखिए।

VI. निम्नलिखित गद्यांश को पढकर उचित शीर्षक देते हुए एक तिहाई शब्दों में संक्षिप्तीकरण कीजिए। **(1×10=10)**

महात्मा गाँधीजी हिन्दी भाषा के समर्थक थे। उनका विश्वास था कि हिन्दी भाषा के जरिए राष्ट्र को एकसूत्र में बाँधा जा सकता है। उनकी इच्छा थी कि राष्ट्रभाषा के साथ-साथ प्रांतीय भाषा का भी विकास हो। बापूजी की प्रेरणा से ही हिन्दी को राष्ट्रभाषा का स्थान मिला है। उन्होंने ही सुदूर दक्षिण में अपने विश्वास पात्र कार्यकर्ताओं को हिन्दी प्रचार करने के लिए भेजा। उनका विश्वास था कि संपूर्ण राष्ट्र को एकसूत्र में बाँधने के लिए हिन्दी अत्यंत आवश्यक भाषा है।

Scanned with CamScanner